# संदर्भ शर्तें (टीओआर)

## सीनियर कनसल्टेंट – ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, एनएचएसआरसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत तकनीकी समर्थन संस्थान है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और एनएचएम के अंतर्गत हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन में समर्थन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों के साथ मिलकर कार्य करता है। एनएचएसआरसी में कार्य लगभग सात प्रभागों के आसपास केंद्रित है जिनके नाम हैं :– सामुदायिक प्रक्रियाएं एवं व्यापक प्राथमिक देखभाल, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन और गुणवत्ता रोगी सुरक्षा।

वर्ष 2006 में आरंभ से ही एनएचएसआरसी अपने एजेंडे के लिए ज्ञान का भंडार और उत्कृष्टता का केंद्र रहा है। इस संगठन के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में संलग्न अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ व्यावसायिक संबंध हैं। ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जिन्होंने एनएचएसआरसी के साथ कार्य किया और अमूल्य अनुभव प्राप्त किया जिससे पेशेवर मंजिल की अगली सीढ़ी पर छलांग लगाने में सक्षम हुए। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं इसकी प्रक्रियाओं और राज्य स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करने के व्यापक अवसर एनएचएसआरसी की अनूठी विशेषताएं हैं। यदि आप स्वास्थ्य समता एवं उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है।

यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, एवं रोगी सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजना, अपनाना, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह एक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में समर्थन, जिला और उप जिला कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान के आदान–प्रदान और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने में समर्थ होने का अवसर है।

एनएचएसआरसी विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर ज्ञान प्रबंधन प्रभाग के लिए सीनियर कनसल्टेंट की भर्ती करने का इरादा रखता है।

### भूमिकाएं और उत्तरदायित्व : –

1. ज्ञान प्रबंधन प्रभाग (केएमडी) के अंतर्गत अनुसंधान गतिविधियां चलाने के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना

2. स्वास्थ्य प्रणाली हस्तक्षेपों पर समीक्षाओं और नीति सार एवं रिपोर्ट सहित स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों सहित तकनीकी दस्तावेजों को तैयार करने में दल का समर्थन करना

3. राज्यों एवं संबंधित कार्यक्रम प्रभागों से गुणवत्ता एवं समय की पाबंदी तथा लॉजिस्टिक्स सुनिश्चित करने के लिए सामान्य समीक्षा मिशन और अच्छी एवं प्रतिकृतियोग्य नवाचारों एवं परिपाटियों पर राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए सुझावों में समन्वय के उद्देश्य से प्रभाग का समर्थन करना

4. विद्यमान एवं प्रासंगिक वैबसाइटों और संसाधन केंद्रों के लिए क्रास रिफरेंस स्थापित करने की प्रक्रिया में समर्थन

5. सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी मामलों के बारे में

आईआर–एचएसएस मंचा का समर्थन करना

6. स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुसंधान प्रस्तावों का डिजाइन तैयार करने और योजना बनाने में राज्यों का समर्थन

7. आईआर–एचएसएस के अंतर्गत अनुसंधान कराने के लिए चुनिंदा संस्थानों की पहचान करने और उनके साथ साझेदारी करने की प्रक्रिया संचालित करने में रिपोर्टिंग प्राधिकार/प्रभाग प्रमुख का समर्थन करना

8. रिपोर्टिंग प्राधिकार/प्रभाग प्रमुख को मासिक आधार पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आईआर–एचएसएस के अंतर्गत परियोजनाओं की समय से समीक्षा सुनिश्चित करना

9. साझेदार संस्थानों के साथ परियोजनाओं की नियमित समीक्षा और संशोधन के लिए आवश्यकतानुसार सुझाव उपलब्ध कराना और रिपोर्ट जमा कराना सुनिश्चित करना

10. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और प्रभाग से संबंधित संसदीय प्रश्नों का समय से एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्तर सुनिश्चित करना

11. राज्यों को फीडबैक उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र समीक्षा यात्राओं का विश्लेषणात्मक प्रलेखन करना

12. राज्यों एवं जिलों में श्रेष्ठ परिपाटियों एवं नवाचारों की पहचान करना और प्रलेखन में समर्थन

13. साहित्य की समीक्षा करना और स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत करने में वर्तमान रुझानों के बारे में टीम को अद्यतन रखना

14. तकनीकी समर्थन एवं कार्यक्रम अवलोकन के साधन के रूप में आंकड़ों एवं क्षेत्र निष्कर्षों का उपयोग करने में राज्यों में प्रगति की आवधिक सार (सिनोप्सिस) उपलब्ध कराना

15. अन्य असाइनमेंट करना जो समय–समय पर रिपोर्टिंग प्राधिकार/प्रभाग प्रमुख सौंप सकते हैं

16. प्रमाण आधारित ज्ञान साझा करने एवं सर्जन , स्वास्थ्य प्रणाली हस्तक्षेपों को मजबूत करने के लिए जानकारी को अद्यतन करने में सक्षम होने के लिए साझेदारों /संबंधित पक्षों के लिए मंच बनाने के लिए उत्तरदायी

17. आईआर–एचएसएस के अंग के रूप में सभी गतिविधियों में दल का समर्थन तथा अनुसंधान प्राथमिकता स्थापना कार्यशालाएं, वार्षिक अनुसंधान एजेंडा तय करने और अनुसंधान शुरू करने में समन्वय।

18. आवश्यकतानुसार नीति सार एवं रिपोर्ट का विकास करने सहित स्वास्थ्य प्रणाली हस्तक्षेपों और स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों के बारे में तीव्र समीक्षा कराना और उसमें समर्थन

19. आंकड़ों के संग्रह, मिलान, विश्लेषण एवं स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए कार्यान्वयन अनुसंधान (आईआर–एचएसएस), केएमडी के साथ समन्वय में रिपोर्ट लेखन संबंधी गतिविधियों में समर्थन

20. कार्यपालक निदेशक / सलाहकार को आवधिक आधार पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आईआर–एचएसएस के अंतर्गत परियोजनाओं की समय से समीक्षा सुनिश्चित करना। साझेदार संस्थानों के साथ परियोजनाओं की नियमित समीक्षा और संशोधन एवं रिपोर्ट जमा कराने के लिए आवश्यकतानुसार कार्यपालक निदेशक / सलाहकार को सुझाव उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी

21. जब और जहां आवश्यकता हो अन्य असाइनमेंट में कार्यपालक निदेशक / सलाहकार का समर्थन

**शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव :**

1. एमबीबीएस / बीडीएस के साथ स्नातकोत्तर डिग्री (पूर्णकालिक पाठ्यक्रम) या सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक मेडिसिन/स्वास्थ्य में सामाजिक विज्ञान में उच्च योग्यता

2. स्वास्थ्य प्रणाली या सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य

3. शैक्षिक योग्यता के पश्चात कम से कम पांच वर्ष का अनुभव

**उम्र सीमा** : 50 वर्ष तक ( आवेदन प्राप्त करने की तिथि तक )

**कार्य का स्थान** : नई दिल्ली

**परिलब्धि की सीमा** : रु. 90,000/– से रु. 1,50,000/– के बीच

*इस बैंड में प्रस्तावित फीस, शैक्षिक योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी।

**अन्य लाभ** : उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त, एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन के हकदार हैं।

**अनुबंध की अवधि** : आरंभ्भ में 31 मार्च, 2025 तक (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन आगे विस्तार के साथ)

इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवारों से आग्रह किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरें जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 मई 2023 है।